प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो जायेंगे।

****

नीट पेपर लीक मामले में पटना पुलिस की टीम ने देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के एम्स के सामने एक किराए के मकान से छापेमारी कर छह आरोपितों को हिरासत में लिया है। सभी आरोपियों को पटना पुलिस अपने साथ से ले गई है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवकों में से एक युवक गार्ड है और वर्तमान में एम्स में कार्यरत है।

****

संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट परीक्षा को अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होने वाली थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बाद में घोषित किया जाएगा।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। कल वित्त मंत्री ने किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श किया था। इससे पहले, वे वित्तीय और पूंजी बाजार क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों, उद्योगपतियों और औद्योगिक संघों के साथ–साथ प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ भी इस तरह के परामर्श कर चुकी हैं। केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारामण आज नई दिल्ली में 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। नयी सरकार के गठन के बाद यह जीएसटी परिषद की पहली बैठक है।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि पेयजल और शिक्षा जैसी समस्याओं का समाधान उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। वे आज गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आने वाले चार महीने में जनता से किये वादे को पूरा करना है।

****

चतरा जिले में टीबी की बीमारी से बचाव के लिए 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को बीसीजी का टीका अलगे महीने से लगाया जाएगा। टीकाकरण को लेकर घर घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के बाद चतरा के सिविल सर्जन ने बताया कि सर्वे में चिन्हित व्यक्तियों के घर घर जाकर जुलाई महीने से टीका लगाने का कार्य प्रारंभ होगा।

****

गढ़वा जिले में मादक पदार्थो के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिये एक विशेष अभियान शुरू किया गया है।

****

संताल परगना के पाकुड़ और साहिबगंज के रास्ते कल मानसून ने झारखंड में दस्तक दी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून अगले तीन–चार दिनों में पूरे राज्य को कवर कर लेगा। इस दौरान कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

****

भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने तुर्किये में अंताल्या तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय महिला टीम ने आज एस्टोनिया को 232 – 229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने इस सीज़न में क्लीन स्वीप पूरा किया और कंपाउंड टीम स्पर्धा में विश्व कप के सभी तीन स्वर्ण पदक जीते।

****

आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप में आज शाम एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में सुपर आठ मुकाबलों में भारत और बांग्लादेश का मैच होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। आकाशवाणी इस मैच की लाइव कमेंट्री करेगा।

*********समाप्त*********